भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 1815

सोमवार, 10 मार्च, 2025/19 फाल्गुन, 1946 (शक)

रोजगार की स्थिति

1815. डॉ. गणपथी राजकुमार पी.:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान देश में कितने रोजगार सृजित हुए हैं;

(ख) क्या सरकार ने सरकारी और निजी, दोनों क्षेत्रों में रोजगार हेतु कोई विशेष अभियान चलाया है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)

(क) से (ग): आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) रोजगार और बेरोजगारी का आधिकारिक डेटा स्रोत है, जो वर्ष 2017-18 से सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा आयोजित किया जाता है। सर्वेक्षण अवधि प्रतिवर्ष जुलाई से जून होती है।

नवीनतम वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्ट में उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2021-22 से 2023-24 के दौरान सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष की आयु और उनसे बड़े आयु वर्ग के युवाओं का रोजगार को दर्शाने वाला अनुमानित कामगार जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) निम्नानुसार है:

वर्ष	डब्ल्यूपीआर (% में)
2021-22	52.9
2022-23	56.0
2023-24	58.2

स्रोत: पीएलएफएस, एमओएसपीआई

यह आंकड़े दर्शाते हैं कि कि देश में रोजगार दर्शाने वाले 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए कामगार जनसंख्या अनुपात में पिछले कुछ वर्षों में वृद्धि की प्रवृत्ति रही है।

माननीय प्रधानमंत्री ने 22 अक्टूबर 2022 को राष्ट्रीय रोजगार मेले का शुभारंभ किया। यह युवाओं के बीच रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की सरकार की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। रोजगार मेले के माध्यम से, संबंधित मंत्रालयों/विभागों द्वारा केन्द्र सरकार में रिक्त पदों को मिशन मोड में भरा जा रहा है। सभी मंत्रालयों/विभागों/केंद्रीय सार्वजनिक निकायों/शिक्षा और स्वास्थ्य संस्थानों आदि में भर्ती पारदर्शी, समयबद्ध और तकनीकी-सक्षम तरीके से सीधे या निर्दिष्ट भर्ती एजेंसियों के माध्यम से की जा रही है जो देश के युवाओं को व्यापक अवसर प्रदान कर रही है। अब तक विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के 45-50 शहरों में केन्द्रीय स्तर पर 14 रोजगार मेले आयोजित किए गए हैं।

भारत सरकार का श्रम और रोजगार मंत्रालय, राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल चला रहा है, जो निजी और सरकारी क्षेत्रों की नौकरियों, ऑनलाइन और ऑफलाइन रोजगार मेलों की जानकारी, नौकरी खोज और मिलान, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों की जानकारी, कौशल/प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि सहित करियर से संबंधित सेवाएं एक डिजिटल प्लेटफॉर्म [www.ncs.gov.in] के माध्यम से प्रदान करने के लिए वन-स्टॉप समाधान है। दिनांक 28.02.2025 तक, एनसीएस पोर्टल पर 4.7 करोड़ से अधिक रिक्तियां जुटाई गई हैं। इसके अतिरिक्त, राज्य सरकारों/मंत्रालयों/विभागों आदि के सहयोग से नियमित रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। इस परियोजना के तहत, दिनांक 28 फरवरी, 2025 तक, 55,229 से अधिक रोजगार मेलों का आयोजन किया गया।

*****